तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बाबू लाल** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या– ऑनलाईन अपील संख्या 353621724752559	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16/12/2024	अपीलार्थी बाबू लाल निवासी खुदों का बास, गांव उचलिवास, पोस्ट डोली, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.10.2024 में संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत 012321114588226 दिनांक 08.05.2024 में कार्यवाही एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किये गये। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष उपस्थित, अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 580 दिनांक 10.12.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 5(4) के तहत आवेदन करने पर पत्रांक 2166 दिनांक 28.10.2024 के माध्यम से प्रभारी अधिकारी सहायता शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, जोधपुर को सूचना प्रेषित करने हेतु पत्र जारी किया गया, परन्तु प्रकरण में सूचना अभी तक अपेक्षित होने से प्रार्थी को उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) के स्तर से लंबित न होकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी (सहायता शाखा) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर–तृतीय, जोधपुर) के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी (सहायता शाखा) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर–तृतीय, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत करावें। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.16 15:16:38 IST
Reason: Approved